©

भारत सरकार

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय

सत्यमेव जयते

# विदेशी अभिदाय (विनियमन) अधिनियम, 1976

**(1976 का अधिनियम संख्यांक 49)**

[1 अक्तूबर, 1982 को यथाविद्यमान]

# The Foreign Contribution (Regulation) Act, 1976

**(Act No. 49 of 1976)**

[*As on the 1st October, 1982*]

1983

प्रबन्धक, भारत सरकार मुद्रणालय, शिमला द्वारा मुद्रित तथा प्रकाशन-
नियन्त्रक, भारत सरकार, सिविल लाइन्स, दिल्ली-110 054 द्वारा प्रकाशित।

मूल्य : (देश में) 2 रुपए ; (विदेश में) पौंड 0.23 या 0$ 72 सैंट्स

## PREFACE

This is a diglot edition of the Foreign Contribution (Regulation) Act, 1976 as on the 1st October, 1982, containing the authoritative Hindi text thereof along with its English text. The Hindi text of the Act was published in the Gazette of India, Extraordinary, Part II, Section 1A, No. 12, Vol. XVI, dated 28th October, 1980 on pages 1044 to 1059.

This text of the Act was prepared by the Official Languages Wing and it was published under the Authority of the President under section 5(1) of the Official Languages Act, 1963, and on such publication, it became the authoritative text in Hindi.

R. V. S. PERI SASTRI,
*Secretary to the Government of India.*

NEW DELHI;
1*st October*, 1982.

2

## प्राक्कथन

यह 1 अक्तूबर, 1982 को यथाविद्यमान विदेशी अभिदाय (विनियमन) अधिनियम, 1976 का द्विभाषीय संस्करण है। इसमें अधिनियम का प्राधिकृत हिन्दी पाठ, उसके अंग्रेजी पाठ सहित, दिया गया है। अधिनियम का हिन्दी पाठ तारीख 28 अक्तूबर, 1980 के भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग 2, अनुभाग 1क, संख्यांक 12, खण्ड xvi में पृष्ठ 1044 से 1059 में प्रकाशित हुआ था।

इस अधिनियम का हिन्दी पाठ राजभाषा खण्ड ने तैयार किया था और यह राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 5(1) के अधीन राष्ट्रपति के प्राधिकार से प्रकाशित हुआ और इस प्रकार प्रकाशित होने पर, अब यह हिन्दी में प्राधिकृत है।

नई दिल्ली : — **रु० वेंकट सूर्य पेरिशास्त्री**

1 अक्तूबर, 1982 — सचिव भारत सरकार।

# THE FOREIGN CONTRIBUTION (REGULATION) ACT, 1976.

## ARRANGEMENT OF SECTIONS


CHAPTER I

PRELIMINARY

SECTIONS

1. Short title, extent, application and commencement.
2. Definitions.
3. Application of other laws not barred.

CHAPTER II

REGULATION OF FOREIGN CONTRIBUTION AND FOREIGN HOSPITALITY

4. Candidate for election, etc., not to accept foreign contribution.
5. Organisation of a political nature not to accept foreign contribution except with the prior permission of the Central Government.
6. Certain associations and persons receiving foreign contribution to give intimation to the Central Government.
7. Recipients of scholarships, etc., to give intimation to the Central Government.
8. Persons to whom section 4 shall not apply.
9. Restrictions on acceptance of foreign hospitality.
10. Power of Central Government to prohibit receipt of foreign contribution etc., in certain cases.
11. Application to be made in prescribed form for obtaining prior permission to accept foreign contribution or hospitality.

CHAPTER III

MISCELLANEOUS

12. Power to prohibit payment of currency received in contravention of the Act.
13. Recipients of foreign contribution to maintain accounts, etc.
14. Inspection of accounts or records.
15. Seizure of accounts or records.
16. Seizure of article or currency received in contravention of the Act.
17. Seizure to be made in accordance with the Code of Criminal Procedure, 1973.
18. Confiscation of article or currency obtained in contravention of the Act.

# विदेशी अभिदाय (विनियमन) अधिनियम, 1976

## धाराओं का क्रम

अध्याय 1

### प्रारम्भिक


| धाराएं | | पृष्ठ |
|---|---|---|
| 1. | संक्षिप्त नाम, विस्तार, लागू होना तथा प्रारम्भ | 1 |
| 2. | परिभाषाएं | 1 |
| 3. | अन्य विधियों का लागू होने से वर्जित न होना | 3 |


अध्याय 2

### विदेशी अभिदाय और विदेशी आतिथ्य का विनियमन


| | | |
|---|---|---|
| 4. | निर्वाचन-अभ्यर्थी आदि का विदेशी अभिदाय को स्वीकार न करना | 3 |
| 5. | राजनीतिक प्रकार के संगठन द्वारा विदेशी अभिदाय का केन्द्रीय सरकार की पूर्व अनुज्ञा के बिना स्वीकार न किया जाना | 4 |
| 6. | विदेशी अभिदाय प्राप्त करने वाले कुछ संगमों और व्यक्तियों द्वारा केन्द्रीय सरकार को सूचना देना। | 5 |
| 7. | छात्रवृत्ति आदि प्राप्त करने वालों द्वारा केन्द्रीय सरकार को सूचना देना | 5 |
| 8. | व्यक्ति जिनको धारा 4 लागू नहीं होगी | 5 |
| 9. | विदेशी आतिथ्य स्वीकार करने पर निर्बन्धन | 6 |
| 10. | केन्द्रीय सरकार की कुछ मामलों में विदेशी अभिदाय आदि प्राप्त करने को प्रतिषिद्ध करने की शक्ति | 6 |
| 11. | विदेशी अभिदाय या आतिथ्य स्वीकार करने की पूर्व अनुज्ञा अभिप्राप्त करने के लिए विहित प्ररूप में आवेदन किया जाना | 7 |


अध्याय 3

### प्रकीर्ण


| | | |
|---|---|---|
| 12. | अधिनियम के उल्लंघन में प्राप्त करेन्सी का संदाय प्रतिषिद्ध करने की शक्ति | 7 |
| 13. | विदेशी अभिदाय प्राप्त करने वालों द्वारा लेखाओं आदि का रखा जाना | 7 |
| 14. | लेखाओं या अभिलेखों का निरीक्षण | 7 |
| 15. | लेखाओं या अभिलेखों का अभिग्रहण | 8 |
| 16. | अधिनियम के उल्लंघन में प्राप्त वस्तु या करेन्सी का अभिग्रहण | 8 |
| 17. | अभिग्रहण दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 के अनुसार किया जाएगा | 8 |
| 18. | अधिनियम के उल्लंघन में अभिप्राप्त वस्तु या करेन्सी का अधिहरण | 8 |

SECTIONS

19. Adjudication of confiscation.

20. Opportunity to be given before adjudication of confiscation.

21. Appeal.

22. Penalty for article or currency obtained in contravention of section 12.

23. Punishment for the contravention of any provision of the Act.

24. Power to impose additional fine where article or currency is not available for confiscation.

25. Penalty for offences where no separate punishment has been provided.

26. Offences by companies.

27. Bar to the prosecution of offences under the Act.

28. Investigation into cases under the Act.

29. Protection of action taken in good faith.

30. Power to make rules.

31. Power to exempt.

32. Act not to apply to Government transactions.

# विदेशी अभिदाय (विनियमन) अधिनियम, 1976

(1976 का अधिनियम संख्यांक 49)

[31 मार्च, 1976]

**संसदीय संस्थाओं, राजनीतिक संगमों और अकादमिक तथा अन्य स्वयंसेवी संगठनों तथा राष्ट्रीय जीवन के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में काम करने वाले विभिन्न व्यक्तियों का सम्पूर्ण प्रभुत्व-सम्पन्न लोकतंत्रात्मक गणराज्य की मान्यताओं के अनुरूप कार्य करना सुनिश्चित करने की दृष्टि से कुछ व्यक्तियों या संगमों द्वारा विदेशी अभिदाय या आतिथ्य का स्वीकार या उपयोग किया जाना विनियमित करने के लिए तथा उससे सम्बन्धित या उसके आनुषंगिक विषयों के लिए अधिनियम**

भारत गणराज्य के सत्ताइसवें वर्ष में संसद् द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो :—

## अध्याय 1

## प्रारम्भिक

संक्षिप्त नाम, विस्तार, लागू होना तथा प्रारम्भ ।

1. (1) इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम विदेशी अभिदाय (विनियमन) अधिनियम, 1976 है।

(2) इसका विस्तार सम्पूर्ण भारत पर है और यह निम्नलिखित को भी लागू होगा, अर्थात् :—

(क) भारत के बाहर भारत के नागरिक; और

(ख) भारत में रजिस्ट्रीकृत या निगमित कम्पनियों अथवा निगम निकायों के भारत के बाहर सहयुक्त, शाखा या समनुषंगी।

(3) यह उस तारीख को प्रवृत्त होगा जिसे केन्द्रीय सरकार, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, नियत करे।

परिभाषाएं ।

2. (1) इस अधिनियम में, जब तक कि सन्दर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(क) "संगम" से व्यक्तियों का कोई ऐसा संगम, चाहे वह निगमित हो या न हो, अभिप्रेत है जिसका भारत में कार्यालय है और उसके अन्तर्गत कोई सोसाइटी, चाहे वह सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 के अधीन रजिस्ट्रीकृत हो या न हो तथा कोई अन्य संगठन भी है चाहे वह किसी भी नाम से ज्ञात हो; (1860 का 21)

(ख) "निर्वाचन-अभ्यर्थी" से किसी विधानमंडल के लिए निर्वाचनार्थ अभ्यर्थी के रूप में सम्यक्तः नामनिर्देशित कोई व्यक्ति अभिप्रेत है;

(ग) "विदेशी अभिदाय" से किसी विदेशी स्रोत द्वारा निम्नलिखित का संदान, परिदान या अन्तरण अभिप्रेत है, अर्थात् :—

(i) कोई वस्तु जो किसी व्यक्ति को उसके वैयक्तिक प्रयोग के लिए दान के तौर पर दी गई वस्तु नहीं है, यदि ऐसी वस्तु का भारत में, उस दान की तारीख को बाजार मूल्य एक हजार रुपए से अधिक नहीं है;

(ii) कोई करेन्सी चाहे वह भारतीय हो या विदेशी;

1973 का 46 (iii) विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम, 1973 की धारा 2 के खण्ड (i) में यथापरिभाषित कोई विदेशी प्रतिभूति;

81-M/J(N)506MofLJ&CA—1(a)

(*d*) "foreign hospitality" means any offer, not being a purely casual one, made by a foreign source for providing a person with the costs of travel to any foreign country or territory or with free board, lodging, transport or medical treatment;

(*e*) "foreign source" includes—

(*i*) the Government of any foreign country or territory and any agency of such Government.

(*ii*) any international agency, not being the United Nations or any of its specialised agencies, the World Bank, International Monetary Fund or such other agency as the Central Government may, by notification in the Official Gazette, specify in this behalf,

(*iii*) a foreign company within the meaning of section 591 of the Companies Act, 1956, and also includes— 1 of 1956

(*a*) a company which is a subsidiary of a foreign company, and

(*b*) a multi-national corporation within the meaning of this Act,

(*iv*) a corporation, not being a foreign company, incorporated in a foreign country or territory,

(*v*) a multi-national corporation within the meaning of this Act,

(*vi*) a company within the meaning of the Companies Act, 1956, 1 of 1956 if more than one-half of the nominal value of its share capital is held either singly or in the aggregate, by one or more of the following, namely :—

(*a*) Government of a foreign country or territory,

(*b*) citizens of a foreign country or territory,

(*c*) corporations incorporated in a foreign country or territory,

(*d*) trusts, societies or other associations of individuals (whether incorporated or not), formed or registered in a foreign country or territory,

(*vii*) a trade union in any foreign country or territory, whether or not registered in such foreign country or territory.

(*viii*) a foreign trust by whatever name called, or a foreign foundation which is either in the nature of trust or is mainly financed by a foreign country or territory,

(*ix*) a society, club or other association of individuals formed or registered outside India,

(*x*) a citizen of a foreign country,

but does not include any foreign institution which has been permitted by the Central Government, by notification in the Official Gazette, to carry on its activities in India;

(*f*) "Legislature" means—

(*i*) either House of Parliament,

(*ii*) the Legislative Assembly of a State, or in the case of a State having a Legislative Council, either House of the Legislature of that State,

(*iii*) Legislative Assembly of a Union territory constituted under the Government of Union Territories Act, 1963, 20 of 1963

(घ) "विदेशी आतिथ्य" से किसी व्यक्ति को किसी विदेश या विदेशी राज्यक्षेत्र में यात्रा खर्चा अथवा निःशुल्क भोजन, आवास, परिवहन या चिकित्सीय उपचार उपलब्ध करने के लिए किसी विदेशी स्रोत द्वारा दिया गया आफर अभिप्रेत है जो कि मात्र आकस्मिक नहीं है;

(ङ) "विदेशी स्रोत" के अन्तर्गत निम्नलिखित हैं, अर्थात् :—

(i) किसी विदेश या विदेशी राज्यक्षेत्र की सरकार और ऐसी सरकार का कोई अभिकरण;

(ii) कोई अन्तर्राष्ट्रीय अभिकरण जो संयुक्त राष्ट्र या उसके किसी विशिष्ट अभिकरण, विश्व बैंक, अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष या अन्य ऐसे अभिकरण से भिन्न है जिसे केन्द्रीय सरकार, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, इस निमित्त विनिर्दिष्ट करे;

1956 का 1 (iii) कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 591 के अर्थ में कोई विदेशी कम्पनी और इसमें निम्नलिखित भी हैं, अर्थात् :—

(क) किसी विदेशी कम्पनी की समनुषंगी कोई कम्पनी; और

(ख) इस अधिनियम के अर्थ में बहुराष्ट्रीय निगम;

(iv) किसी विदेशी या विदेशी राज्यक्षेत्र में निगमित कोई निगम जो विदेशी कम्पनी नहीं है ;

(v) इस अधिनियम के अर्थ में बहुराष्ट्रीय निगम;

1956 का 1 (vi) कम्पनी अधिनियम, 1956 के अर्थ में कोई कम्पनी यदि उसकी शेयर पूंजी के अभिहित मूल्य का आधे से अधिक या तो अकेले या संकलित रूप में निम्नलिखित में से एक या अधिक द्वारा धारित है, अर्थात् :—

(क) किसी विदेश या विदेशी राज्यक्षेत्र की सरकारें;

(ख) किसी विदेश या विदेशी राज्यक्षेत्र के नागरिक;

(ग) किसी विदेश या विदेशी राज्यक्षेत्र में निगमित निगम;

(घ) किसी विदेश या विदेशी राज्यक्षेत्र में बनाए गए या रजिस्टर कराए गए न्यास, सोसाइटियां या व्यष्टियों के अन्य संगम (चाहे निगमित हों या न हों);

(vii) किसी विदेश या विदेशी राज्यक्षेत्र में कोई व्यवसाय संघ चाहे वह उस विदेश या विदेशी राज्यक्षेत्र में रजिस्ट्रीकृत हो या न हो ;

(viii) कोई विदेशी न्यास चाहे वह किसी भी नाम से ज्ञात हो अथवा कोई विदेशी प्रतिष्ठान जो या तो न्यास के प्रकार का है या मुख्य रूप से किसी विदेश या विदेशी राज्यक्षेत्र द्वारा वित्तपोषित है;

(ix) कोई सोसाइटी, क्लब या व्यष्टियों का अन्य संगम जो भारत के बाहर बनाया गया है या रजिस्टर किया गया है;

(x) किसी विदेश का नागरिक;

किन्तु इसके अन्तर्गत कोई ऐसी विदेशी संस्था नहीं है जिसे केन्द्रीय सरकार ने, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, भारत में अपने क्रियाकलाप करने की अनुज्ञा दी है;

(च) "विधानमंडल" से अभिप्रेत है, यथास्थिति—

(i) संसद् के दोनों सदनों में से कोई सदन;

(ii) किसी राज्य की विधान सभा अथवा ऐसे राज्य में जिसमें विधान परिषद् भी है, राज्य के विधानमंडल के दोनों सदनों में से कोई सदन;

1963 का 20 (iii) संघ राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम, 1963 के अधीन गठित किसी संघ राज्यक्षेत्र की विधान सभा;

(*iv*) the Metropolitan Council of Delhi constituted under section 3 of the Delhi Administration Act, 1966, 19 of 1966

(*v*) Municipal Corporations in metropolitan areas as defined in the Code of Criminal Procedure, 1973, 2 of 1974

(*vi*) District Councils and Regional Councils in the States of Assam and Meghalaya and in the Union Territory of Mizoram as provided in the Sixth Schedule to the Constitution, or

(*vii*) any other elective body as may be notified by the Central Government,

as the case may be;

(*g*) "political party" means an association or body of individual citizens of India which is, or is deemed to be, registered with the Election Commission of India as a political party under the Election Symbols (Reservation and Allotment) Order, 1968 as in force for the time being;

(*h*) "prescribed" means prescribed by rules made under this Act;

(*i*) "registered newspaper" means a newspaper registered under the Press and Registration of Books Act, 1867; 25 of 1867

(*j*) "subsidiary" and "associate" have the meanings, repectively, assigned to them in the Companies Act, 1956; 1 of 1956

(*k*) "trade union" means a trade union registered under the Trade Unions Act, 1926. 16 of 1926

*Explanation.*—For the purposes of this Act, a corporation incorporated in a foreign country or territory shall be deemed to be a multi-national corporation if such corporation—

(*a*) has a subsidiary or a branch or a place of business in two or more countries or territories; or

(*b*) carries on business, or otherwise operates, in two or more countries or territories.

(*2*) Words and expressions used herein and not defined but defined in the Foreign Exchange Regulation Act, 1973, have the meanings respectively assigned to them in that Act. 46 of 1973

(*3*) Words and expression used herein and not defined in this Act or in the Foreign Exchange Regulation Act, 1973 but defined in the Representation of the People Act, 1950, or the Representation of the People Act, 1951, have the meanings respectively assigned to them in such Act. 46 of 1973, 43 of 1950, 43 of 1951

Application of other laws not barred.

**3.** The provisions of this Act shall be in addition to, and not in derogation of, any other law for the time being in force.

CHAPTER II

## REGULATION OF FOREIGN CONTRIBUTION AND FOREIGN HOSPITALITY

Candidate for election, etc., not to accept foreign contribution.

**4.** (*1*) No foreign contribution shall be accepted by any—

(*a*) candidate for election,

(*b*) correspondent, columnist, cartoonist, editor, owner, printer or publisher of a registered newspaper,

(*c*) Government servant or employee of any corporation,

(*d*) member of any Legislature,

(*e*) political party or office-bearer thereof.

1966 का 19 (iv) दिल्ली प्रशासन अधिनियम, 1966 की धारा 3 के अधीन गठित दिल्ली की महानगर परिषद् ;

1974 का 2 (v) दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 में यथापरिभाषित महानगर क्षेत्रों में नगर निगम;

(vi) असम और मेघालय राज्यों में तथा मिजोरम संघ राज्यक्षेत्र में संविधान की छठी अनुसूची में यथा उपबन्धित जिला परिषदें और प्रादेशिक परिषदें;

(vii) कोई अन्य निर्वाचित निकाय जो केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित किया जाए ;

(छ) "राजनीतिक दल" से भारत के विभिन्न नागरिकों का कोई संगम या निकाय अभिप्रेत है जो उस समय प्रवृत्त निर्वाचन प्रतीक (आरक्षण और आबंटन) आदेश, 1968 के अधीन राजनीतिक दल के रूप में भारत के निर्वाचन आयोग में रजिस्ट्रीकृत है या रजिस्ट्रीकृत समझा जाता है ;

(ज) "विहित" से इस अधिनियम के अधीन बनाए गए नियमों द्वारा विहित अभिप्रेत है ;

1867 का 25 (झ) "रजिस्ट्रीकृत समाचारपत्र" से प्रेस और पुस्तक रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1867 के अधीन रजिस्ट्रीकृत कोई समाचारपत्र अभिप्रेत है ;

19[illegible] का 1 (ञ) "समनुषंगी" और "सहयुक्त" के वे ही अर्थ हैं जो कम्पनी अधिनियम, 1956 में हैं ;

1926 का 16 (ट) "व्यवसाय संघ" से व्यवसाय संघ अधिनियम, 1926 के अधीन रजिस्ट्रीकृत व्यवसाय संघ अभिप्रेत है ।

**स्पष्टीकरण**--किसी विदेश या विदेशी राज्यक्षेत्र में निगमित किसी निगम को इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए बहुराष्ट्रीय निगम समझा जाएगा यदि--

(क) ऐसे निगम का दो या अधिक देशों या राज्यक्षेत्रों में कोई समनुषंगी, या कोई शाखा या कोई कारबार का स्थान है; या

(ख) ऐसा निगम दो या अधिक देशों या राज्यक्षेत्रों में कारबार करता है या अन्यथा क्रियाशील है ।

(2) उन शब्दों और पदों के जो इसमें प्रयुक्त हैं और परिभाषित नहीं हैं किन्तु विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम, 1973 में परिभाषित हैं वे ही अर्थ होंगे जो उस अधिनियम में हैं ।

1973 का 46

1973 का 46
1950 का 43
1951 का 43

(3) उन शब्दों और पदों के जो इसमें प्रयुक्त हैं और इस अधिनियम में अथवा विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम, 1973 में परिभाषित नहीं हैं किन्तु लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 या लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 में परिभाषित हैं वे ही अर्थ होंगे जो उस अधिनियम म हैं ।

3. इस अधिनियम के उपबन्ध उस समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के अतिरिक्त होंगे न कि उसके अल्पीकारक । अन्य विधियों का लागू होने से वर्जित न होना ।

**अध्याय 2**

## विदेश अभिदाय और विदेशी आतिथ्य का विनियमन

4. (1) कोई भी विदेशी अभिदाय निम्नलिखित में से किसी के द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा, अर्थात् :-- निर्वाचन-अभ्यर्थी आदि का विदेशी अभिदाय को स्वीकार न करना ।

(क) निर्वाचन-अभ्यर्थी,

(ख) किसी रजिस्ट्रीकृत समाचारपत्र का संवाददाता, स्तम्भ लेखक, व्यंग चित्रकार, सम्पादक, स्वामी, मुद्रक या प्रकाशक ;

(ग) सरकारी सेवक या किसी निगम का कर्मचारी ;

(घ) किसी विधानमंडल का सदस्य ;

(ङ) राजनीतिक दल या उसका पदधारी ।

*Explanation.*—In case (*c*) and in section 9, "corporation" means a corporation owned or controlled by Government and includes a Government company as defined in section 617 of the Companies Act, 1956. 1 of 1956

(*2*) (*a*) No person, resident in India, and no citizen of India resident outside India, shall accept any foreign contribution, or acquire or agree to acquire any currency from a foreign source, on behalf of any political party, or any person referred to in sub-section (*1*), or both.

(*b*) No person, resident in India, shall deliver any currency whether Indian or foreign, which has been accepted from any foreign source, to any person if he knows or has reasonable cause to believe that such other person intends, or is likely, to deliver such currency to any political party or any person referred to in sub-section (*1*), or both.

(*c*) No citizen of India resident outside India shall deliver any currency, whether Indian or foreign which has been accepted from any foreign source to—

(*i*) any political party or any person referred to in sub-section (1), or both, or

(*ii*) any other person, if he knows or has reasonable cause to believe that such other person intends, or is likely, to deliver such currency to a political party or to any person referred to in sub-section (*1*), or both.

(*3*) No person receiving any currency, whether Indian or foreign, from a foreign source on behalf of any association, referred to in sub-section (*1*) of section 6, shall deliver such currency—

(*i*) to any association or organisation other than the association for which it was received, or

(*ii*) to any other person, if he knows or has reasonable cause to believe that such other person intends, or is likely, to deliver such currency to an association other than the association for which such currency was received.

Organisation of a political nature not to accept foreign contribution except with the prior permission of the Central Government.

**5.** (*1*) No organisation of a political nature, not being a political party, shall, accept any foreign contribution except with the prior permission of the Central Government.

*Explanation.*—For the purposes of this section, "organisation of a political nature, not being a political party" means such organisation as the Central Government may, having regard to the activities of the organisation or the ideology propagated by the organisation or the programme of the organisation or the association of the organisation with the activities of any political party, by an order published in the Official Gazette, specify in this behalf.

(*2*) (*a*) Except with the prior permission of the Central Government, no person, resident in India, and no citizen of India, resident outside India, shall accept any foreign contribution, or acquire or agree to acquire any foreign currency, on behalf of an organisation referred to in sub-section (*1*).

(*b*) Except with the prior permission of the Central Government, no person, resident in India, shall deliver any foreign currency to any person if he knows or has reasonable cause to believe that such other person intends, or is likely, to deliver such currency to an organisation referred to in sub-section (*1*).

**स्पष्टीकरण**—खण्ड (ग) में और धारा 9 में "निगम" से सरकार के स्वामित्वाधीन या नियंत्रणाधीन निगम अभिप्रेत है और कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 617 में यथा परिभाषित सरकारी कम्पनी इसके अन्तर्गत है। 1956 का 1

(2) (क) कोई भी व्यक्ति जो भारत में निवासी है और भारत का कोई नागरिक जो भारत के बाहर निवासी है किसी राजनीतिक दल अथवा उपधारा (1) में निर्दिष्ट किसी व्यक्ति की ओर से या दोनों की ओर से किसी विदेशी स्रोत से कोई विदेशी अभिदाय स्वीकार नहीं करेगा अथवा कोई करेन्सी अर्जित नहीं करेगा या अर्जित करने का करार नहीं करेगा।

(ख) कोई भी व्यक्ति जो भारत में निवासी है, भारतीय या विदेशी किसी करेन्सी का, जो किसी विदेशी स्रोत से स्वीकार की गई है, किसी भी व्यक्ति को परिदान नहीं करेगा यदि वह जानता है या उसके पास यह विश्वास करने का उचित कारण है कि ऐसे अन्य व्यक्ति का आशय उस करेन्सी का परिदान किसी राजनीतिक दल अथवा उपधारा (1) में निर्दिष्ट किसी व्यक्ति को या दोनों को रना है या उसके ऐसा करने की सम्भावना है।

(ग) भारत के बाहर निवासी भारत का कोई नागरिक भारतीय या विदेशी किसी भी करेन्सी का, जो किसी विदेशी स्रोत से स्वीकार की गई है, निम्नलिखित को परिदान नहीं करेगा, अर्थात् :—

(i) कोई राजनीतिक दल या उपधारा (1) में निर्दिष्ट कोई व्यक्ति अथवा दोनों; या

(ii) कोई अन्य व्यक्ति, यदि ऐसा नागरिक यह जानता है या उसके पास यह विश्वास करने का उचित कारण है कि ऐसे अन्य व्यक्ति का आशय ऐसी करेन्सी का किसी राजनीतिक दल या उपधारा (1) में निर्दिष्ट किसी व्यक्ति को या दोनों को परिदान करना है या उसके ऐसा करने की सम्भावना है।

(3) कोई व्यक्ति जो भारतीय या विदेशी किसी भी करेन्सी को धारा 6 की उपधारा (1) में निर्दिष्ट किसी संगम की ओर से किसी विदेशी स्रोत से प्राप्त करता है, उस करेन्सी का—

(i) किसी ऐसे संगम से भिन्न किसी संगम या संगठन को परिदान नहीं करेगा, जिसके लिए वह प्राप्त की गई थी ; या

(ii) किसी अन्य व्यक्ति को उस दशा में परिदान नहीं करेगा यदि वह जानता है या उसके पास यह विश्वास करने का उचित कारण है कि ऐसे व्यक्ति का आशय ऐसी करेन्सी का उस संगम से भिन्न किसी संगम को परिदान करना है जिसके लिए वह करेन्सी प्राप्त की गई थी, या उसके ऐसा करने की सम्भावना है।

राजनीतिक प्रकार के संगठन द्वारा विदेशी अभिदाय का केन्द्रीय सरकार की पूर्व अनुज्ञा के बिना स्वीकार न किया जाना।

**5.** (1) राजनीतिक प्रकार का कोई संगठन जो राजनीतिक दल नहीं है, किसी भी प्रकार का विदेशी अभिदाय केन्द्रीय सरकार की पूर्व अनुज्ञा के बिना स्वीकार नहीं करेगा।

**स्पष्टीकरण**—इस धारा के प्रयोजनों के लिए "राजनीतिक प्रकार का कोई संगठन, जो राजनीतिक दल नहीं है," से ऐसा संगठन अभिप्रेत है जिसे केन्द्रीय सरकार उस संगठन के क्रियाकलापों अथवा उस संगठन द्वारा प्रचारित विचारधारा, अथवा उस संगठन के कार्यक्रम, अथवा किसी राजनीतिक दल के क्रियाकलापों से उस संगठन के सहयोजन को ध्यान में रखते हुए, राजपत्र में प्रकाशित आदेश द्वारा, उस निमित्त विनिर्दिष्ट करे।

(2) (क) कोई व्यक्ति जो भारत में निवासी है और भारत का कोई नागरिक जो भारत के बाहर निवासी है, केन्द्रीय सरकार की पूर्व अनुज्ञा के बिना, उपधारा (1) में निर्दिष्ट किसी संगठन की ओर से कोई विदेशी अभिदाय स्वीकार नहीं करेगा या कोई विदेशी करेन्सी अर्जित नहीं करेगा या अर्जित करने का करार नहीं करेगा।

(ख) कोई व्यक्ति जो भारत में निवासी है, किसी विदेशी करेन्सी का केन्द्रीय सरकार की पूर्व अनुज्ञा के बिना किसी व्यक्ति को परिदान नहीं करेगा यदि वह यह जानता है या उसके पास यह विश्वास करने का उचित कारण है कि ऐसे अन्य व्यक्ति का आशय, ऐसी करेन्सी का उपधारा (1) में निर्दिष्ट संगठन को परिदान करना है या उसके ऐसा करने की संभावना है।

(c) Except with the prior approval of the Central Government, no citizen of India, resident outside India, shall deliver any currency, whether Indian or foreign, which has been accepted from any foreign source, to—

(*i*) any organisation referred to in sub-section (*1*), or

(*ii*) any person, if he knows or has reasonable cause to believe that such person intends, or is likely, to deliver such currency to an organisation referred to in sub-section (*1*).

Certain associations and persons receiving foreign contribution to give intimation to the Central Government.

**6.** (*1*) Every association [not being an organisation referred to in sub-section (*1*) of section 5] having a definite cultural, economic, educational, religious or social programme shall give, within such time and in such manner as may be prescribed, an intimation to the Central Government as to the amount of foreign contribution received by it, the source from which and the manner in which such foreign contribution was received and the purposes for which and the manner in which, such foreign contribution was utilised by it.

(*2*) Every candidate for election, who had received any foreign contribution, at any time within one hundred and eighty days immediately preceding the date on which he is duly nominated as such candidate, shall give, within such time and in such manner as may be prescribed, an intimation to the Central Government as to the amount of foreign contribution received by him, the source from which and the manner in which such foreign contribution was received and the purposes for which, and the manner in which, such foreign contribution was utilised by him.

Recipients of scholarships, etc., to give intimation to the Central Government.

**7.** (*1*) Every citizen of India receiving any scholarship, stipend or any payment of a like nature from any foreign source shall give, within such time and in such manner as may be prescribed, an intimation to the Central Government as to the amount of the scholarship, stipend or other payment received by him and the foreign source from which, and the purpose for which, such scholarship, stipend or other payment has been, or is being, received by him.

(*2*) Where any recurring payments are being received by any citizen of India from any foreign source by way of scholarship, stipend or other payment, it shall be sufficient if the intimation referred to in sub-section (*1*) includes a precise information as to the intervals at which, and the purpose for which, such recurring payments will be received by such citizen of India.

(*3*) It shall not be necessary to give such intimation as is referred to in sub-section (*1*) or sub-section (*2*) in relation to scholarships, stipends or payments of a like nature, if the annual value of such scholarships, stipends or other payments does not exceed such limits as the Central Government may, by rules made under this Act, specify in this behalf.

Persons to whom section 4 shall not apply.

**8.** Nothing contained in section 4 shall apply to the acceptance, by any person specified in that section, of any foreign contribution, where such contribution is accepted by him, subject to the provisions of section 10,—

(*a*) by way of salary, wages or other remuneration due to him or to any group of persons working under him, from any foreign source or by way of payment in the ordinary course of business transacted in India by such foreign source; or

(*b*) by way of payment, in the course of international trade or commerce, or in the ordinary course of business transacted by him outside India; or

(*c*) as an agent of a foreign source in relation to any transaction made by such foreign source with Government; or

(*d*) by way of a gift or presentation made to him as a member of any Indian delegation, provided that such gift or present was accepted in accordance with the regulations made by the Central Government with regard to the acceptance or retention of such gift or presentation, or

(ग) भारत का कोई नागरिक जो भारत के बाहर निवासी है भारतीय या विदेशी किसी करेन्सी का जो किसी विदेशी स्रोत से स्वीकार की गई है, केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन के बिना निम्नलिखित को परिदान नहीं करेगा, अर्थात् :—

(i) उपधारा (1) में निर्दिष्ट कोई संगठन, या

(ii) कोई व्यक्ति, ऐसा नागरिक यह जानता है या उसके पास यह विश्वास करने का उचित कारण है कि ऐसे व्यक्ति का आशय ऐसी करेन्सी का उपधारा (1) में निर्दिष्ट संगठन को परिदान करना है या उसके ऐसा करने की सम्भावना है।

विदेशी अभिदाय प्राप्त करने वाले कुछ संगमों और व्यक्तियों द्वारा केन्द्रीय सरकार को सूचना देना।

6. (1) निश्चित सांस्कृतिक, आर्थिक, शैक्षणिक, धार्मिक या सामाजिक कार्यक्रम वाला प्रत्येक संगम [जो धारा 6 की उपधारा (1) में निर्दिष्ट संगठन नहीं है] इतने समय के भीतर और ऐसी रीति से, जो विहित की जाए, केन्द्रीय सरकार को इस बारे में सूचना देगा कि उसने कितना विदेशी अभिदाय प्राप्त किया है, ऐसा विदेशी अभिदाय किस स्रोत से और किस रीति से प्राप्त किया है तथा उसने ऐसे विदेशी अभिदाय का किन प्रयोजनों के लिए और किस रीति से प्रयोग किया है।

(2) प्रत्येक निर्वाचन-अभ्यर्थी जिसने उस तारीख से, जिसको वह ऐसे अभ्यर्थी के रूप में सम्यक्तः नामनिर्देशित किया जाता है, ठीक पूर्ववर्ती एक सौ अस्सी दिन के भीतर किसी समय कोई विदेशी अभिदाय प्राप्त किया है, इतने समय के भीतर और ऐसी रीति से, जो विहित की जाए, केन्द्रीय सरकार को इस बात की सूचना देगा कि उसने कितना विदेशी अभिदाय प्राप्त किया है, ऐसा विदेशी अभिदाय किस स्रोत से और किस रीति से प्राप्त किया है और उसने ऐसे विदेशी अभिदाय का किन प्रयोजनों के लिए और किस रीति से प्रयोग किया है।

छात्रवृत्ति आदि प्राप्त करने वालों द्वारा केन्द्रीय सरकार को सूचना देना।

7. (1) भारत का प्रत्येक नागरिक जो किसी विदेशी स्रोत से कोई छात्रवृत्ति, वृत्तिका या इसी प्रकार का कोई संदाय प्राप्त करता है, इतने समय के भीतर और ऐसी रीति से जो विहित की जाए, केन्द्रीय सरकार को इस बारे में सूचना देगा कि उसने कितनी छात्रवृत्ति, वृत्तिका या कितना अन्य संदाय प्राप्त किया है और उसने ऐसी छात्रवृत्ति, वृत्तिका या अन्य संदाय किस विदेशी स्रोत से और किस प्रयोजन के लिए प्राप्त किया है या वह प्राप्त कर रहा है।

(2) जहां भारत के किसी नागरिक द्वारा किसी विदेशी स्रोत से छात्रवृत्ति, वृत्तिका या अन्य संदाय के रूप में कोई आवर्ती संदाय प्राप्त किए जा रहे हैं वहां यदि उपधारा (1) में निर्दिष्ट सूचना में इस बाबत ठीक-ठीक जानकारी अन्तर्विष्ट है कि भारत के ऐसे नागरिक को ऐसे आवर्ती संदाय कितने अन्तरालों में और किस प्रयोजन के लिए प्राप्त होंगे तो यह पर्याप्त होगा।

(3) छात्रवृत्तियों, वृत्तिकाओं या इसी प्रकार के संदायों के बारे में उपधारा (1) या उपधारा (2) में निर्दिष्ट प्रकार की सूचना देना आवश्यक नहीं होगा यदि ऐसी छात्रवृत्तियों, वृत्तिकाओं या अन्य संदायों का वार्षिक मूल्य उन सीमाओं से अधिक नहीं है जिन्हें केन्द्रीय सरकार इस अधिनियम के अधीन बनाए गए नियमों द्वारा इस निमित्त विनिर्दिष्ट करे।

व्यक्ति जिनको धारा 4 लागू नहीं होगी।

8. धारा 4 की कोई बात उस धारा में विनिर्दिष्ट किसी व्यक्ति द्वारा किसी विदेशी अभिदाय को स्वीकार करने के बारे में उस दशा में लागू नहीं होगी यदि उसके द्वारा ऐसा अभिदाय, धारा 10 के उपबन्धों के अधीन रहते हुए,—

(क) उसे या उसके अधीन काम कर रहे व्यक्तियों के किसी समूह को प्राप्य वेतन, मजदूरी या अन्य पारिश्रमिक के रूप में किसी विदेशी स्रोत से स्वीकार किया जाता है या ऐसे विदेशी स्रोत द्वारा भारत में किए गए कारबार के सामान्य अनुक्रम में संदाय के रूप में स्वीकार किया जाता है ; या

(ख) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार या वाणिज्य के अनुक्रम में या उसके द्वारा भारत के बाहर किए गए कारबार के सामान्य अनुक्रम में संदाय के रूप में स्वीकार किया जाता है ; या

(ग) किसी विदेशी स्रोत द्वारा सरकार के साथ किए गए किसी संव्यवहार के सम्बन्ध में उस विदेशी स्रोत के अभिकर्ता के रूप में स्वीकार किया जाता है ; या

(घ) किसी भारतीय शिष्टमंडल के सदस्य के रूप में उसे दिए गए किसी दान या उपहार के रूप में स्वीकार किया जाता है, परन्तु यह तब जब कि ऐसा दान या उपहार केन्द्रीय सरकार द्वारा ऐसे दान या उपहार को स्वीकार करने या अपने पास रखने के बारे में बनाए गए नियमों के अनुसार स्वीकार किया गया है ; या

(e) from his relative when such foreign contribution has been received with the previous permission of the Central Government :

Provided that no such permission shall be required if the amount of foreign contribution received by him from his relative does not exceed, in value, eight thousand rupees per annum and an intimation is given by him to the Central Government as to the amount received, the source from which and the manner in which it was received and the purpose for which and the manner in which it was utilised by him;

(*f*) by way of remittance received, in the ordinary course of business, through any official channel, post office, or any authorised dealer in foreign exchange under the Foreign Exchange Regulation Act, 1973. 46 of 1973

*Explanation*.—In this Act, the expression "relative" has the meaning assigned to it in the Companies Act, 1956. 1 of 1956

Restrictions on acceptance of foreign hospitality.

**9.** No member of a Legislature, office-bearer of a political party, Government servant or employee of any corporation shall, while visiting any country or territory outside India, accept, except with the prior permission of the Central Government, any foreign hospitality :

Provided that it shall not be necessary to obtain any such permission for an emergent medical aid needed on account of sudden illness contracted during a visit outside India but, where such foreign hospitality has been received, the person receiving such hospitality shall give, within one month from the date of receipt of such hospitality, an intimation to the Central Government as to the receipt of such hospitality and the source from which, and the manner in which, such hospitality was received by him.

Power of Centaral Government to prohibit receipt of foreign contribution, etc., in certain eases.

**10.** The Central Government may—

(*a*) prohibit any association, not specified in section 4, or any person, from accepting any foreign contribution;

(*b*) require any association, specified in section 6, to obtain prior permission of the Central Government before accepting any foreign contribution;

(*c*) require any person or class of persons or any association, not being an association specified in section 6, to furnish intimation within such time and in such manner as may be prescribed as to the amount of any foreign contribution received by such person or class of persons or association, as the case may be, and the source from which and the manner in which such contribution was received and the purpose for which and the manner in which such foreign contribution was utilised;

(*d*) require any person or class of persons, not specified in section 9, to obtain prior permission of the Central Government before accepting any foreign hospitality;

(*e*) require any person or class of persons, not specified in section 9, to furnish intimation, within such time and in such manner as may be prescribed, as to the receipt of any foreign hospitality, the source from which and the manner in which such hospitality was received :

Provided that no such prohibition or requirement shall be made unless the Central Government is satisfied that the acceptance of foreign contribution by such association or person or class of persons, as the case may be, the acceptance of foreign hospitality by such person, is likely to affect prejudicially—

(*i*) the sovereignty and integrity of India; or

(*ii*) the public interest; or

(*iii*) freedom or fairness of election to any Legislature; or

(*iv*) friendly relations with any foreign State; or

(*v*) harmony between religious, racial, linguistic or regional groups, castes or communities.

(ङ) अपने नातेदार से उस दशा में स्वीकार किया जाता है जब ऐसा विदेशी अभिदाय केन्द्रीय सरकार की पूर्व अनुज्ञा से प्राप्त किया गया है :

परन्तु ऐसी कोई अनुज्ञा उस दशा में आवश्यक नहीं होगी जब अपने नातेदार से उसके द्वारा प्राप्त विदेशी अभिदाय की रकम आठ हजार रुपए प्रति वर्ष से अधिक नहीं है और उसके द्वारा केन्द्रीय सरकार को इस बारे में सूचना दी जाती है कि उसने कितनी रकम प्राप्त की है, किस स्रोत से और किस रीति से प्राप्त की है तथा उसके द्वारा उसका किस प्रयोजन के लिए और किस रीति से प्रयोग किया गया है ;

1973 का 46 (च) कारबार के सामान्य अनुक्रम में किसी सरकारी माध्यम, डाकघर या विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम, 1973 के अधीन विदेशी मुद्रा के किसी प्राधिकृत व्यवहारी से विप्रेषण के रूप में स्वीकार किया जाता है ।

1956 का 1 **स्पष्टीकरण**–इस अधिनियम में "नातेदार" पद का वही अर्थ है जो कम्पनी अधिनियम, 1956 में है ।

**विदेशी आतिथ्य स्वीकार करने पर निर्बन्धन ।**

**9.** किसी विधानमण्डल का कोई सदस्य, किसी राजनीतिक दल का कोई पदधारी, कोई सरकारी सेवक या किसी निगम का कोई कर्मचारी भारत के बाहर किसी देश या राज्यक्षेत्र में यात्रा के दौरान किसी प्रकार का विदेशी आतिथ्य केन्द्रीय सरकार की पूर्व अनुज्ञा के बिना स्वीकार नहीं करेगा :

परन्तु भारत के बाहर यात्रा के दौरान आकस्मिक रुग्णता के कारण आवश्यक तात्कालिक चिकित्सीय सहायता के लिए ऐसी अनुज्ञा अभिप्राप्त करना आवश्यक नहीं होगा, किन्तु जब ऐसा विदेशी आतिथ्य स्वीकार किया गया है तब उसे स्वीकार करने वाला व्यक्ति उसे स्वीकार करने की तारीख से एक मास के अन्दर केन्द्रीय सरकार को ऐसा आतिथ्य स्वीकार करने के बारे में और इस बारे में सूचना देगा कि उसने ऐसा आतिथ्य किस स्रोत से और किस रीति से स्वीकार किया है ।

**केन्द्रीय सरकार की कुछ मामलों में विदेशी अभिदाय आदि प्राप्त करने को प्रतिषिद्ध करने की शक्ति ।**

**10.** केन्द्रीय सरकार—

(क) किसी संगम की जो धारा 4 में विनिर्दिष्ट नहीं है अथवा किसी व्यक्ति को कोई विदेशी अभिदाय स्वीकार करने से प्रतिषिद्ध कर सकेगी ;

(ख) किसी संगम से जो धारा 6 में विनिर्दिष्ट है, कोई विदेशी अभिदाय स्वीकार करने से पहले केन्द्रीय सरकार की पूर्व अनुज्ञा अभिप्राप्त करने की अपेक्षा कर सकेगी ;

(ग) किसी व्यक्ति या किसी वर्ग के व्यक्तियों से अथवा किसी संगम से जो धारा 6 में विनिर्दिष्ट संगम नहीं है, यह अपेक्षा कर सकेगी कि वह इतने समय के भीतर और ऐसी रीति से जो विहित की जाए, इस बारे में सूचना दे कि ऐसे व्यक्ति या ऐसे वर्ग के व्यक्तियों या, यथास्थिति, ऐसे संगम ने कितना विदेशी अभिदाय प्राप्त किया है और किस स्रोत से तथा किस रीति से प्राप्त किया है और ऐसे विदेशी अभिदाय का किस प्रयोजन के लिए और किस रीति से प्रयोग किया गया है ;

(घ) किसी व्यक्ति या किसी वर्ग के व्यक्तियों से जो धारा 9 में विनिर्दिष्ट नहीं हैं, किसी प्रकार का विदेशी आतिथ्य स्वीकार करने से पहले केन्द्रीय सरकार की पूर्व अनुज्ञा अभिप्राप्त करने की अपेक्षा कर सकेगी ;

(ङ) किसी व्यक्ति या किसी वर्ग के व्यक्तियों के जो धारा 9 में विनिर्दिष्ट नहीं है, इतने समय के अन्दर और ऐसी रीति से जो विहित की जाए, कोई विदेशी आतिथ्य स्वीकार करने के बारे में और इस बारे में सूचना देने की अपेक्षा कर सकेगी कि ऐसा आतिथ्य किस स्रोत से और किस रीति से स्वीकार किया गया है :

परन्तु ऐसा कोई प्रतिषेध या ऐसी कोई अपेक्षा तब की जाएगी जब केन्द्रीय सरकार का समाधान हो जाता है कि, यथास्थिति, ऐसे संगम या ऐसे व्यक्ति या ऐसे वर्ग के व्यक्तियों द्वारा विदेशी अभिदाय स्वीकार किए जाने से अथवा ऐसे व्यक्ति द्वारा विदेशी आतिथ्य स्वीकार किए जाने से निम्नलिखित पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की सम्भावना है, अर्थात् :—

(i) भारत की प्रभुता और अखण्डता ; या

(ii) लोक हित ; या

(iii) किसी विधानमंडल के लिए निर्वाचन की स्वतन्त्रता या निष्पक्षता ; या

(iv) किसी विदेशी राज्य के साथ मैत्रीपूर्ण सम्बन्ध ; या

(v) धार्मिक, मूलवंशीय, भाषाई या प्रादेशिक समूहों, जातियों या समुदायों के बीच मेलजोल ।

Application to be made in prescribed form for obtaining prior permission to accept foreign contribution or hospitality.

